**खेल निदेशालय**
**(खेल विभाग)**
**बिहार, पटना**

**कार्यालय आदेश**

का0आ0सं0:–01/स्था0–01–09/2025/ 12     पटना, दिनांक–14/11/2025

सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना सं0–19300, दिनांक–13.10.2023 में निहित प्रावधान के तहत सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के कार्यालय आदेश संख्या–477, दिनांक–03.09.2025 द्वारा श्री मुकुल कुमार, तत्कालीन उच्चवर्गीय लिपिक, पथ निर्माण विभाग को बिहार सचिवालय सेवा के अन्तर्गत सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के पद का वेतनमान (वेतन स्तर–7) सहित अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी प्रभार देते हुए पथ निर्माण विभाग में अगले आदेश तक पदस्थापित किया गया जिसके आलोक में पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के कार्यालय आदेश संख्या–211 सहपठित ज्ञापांक–8786, दिनांक–11.11.2025 द्वारा श्री कुमार का योगदान दिनांक–**03.09.2025** के अपराहन् से स्वीकृत किया गया है।

सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के कार्यालय आदेश संख्या–518, दिनांक–18.09.2025 द्वारा श्री कुमार, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी का स्थानांतरण/पदस्थापन पथ निर्माण विभाग से खेल निदेशालय (खेल विभाग), बिहार, पटना में किया गया। तद्‌लोक में पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के कार्यालय आदेश संख्या–183 सहपठित ज्ञापांक–8289, दिनांक–04.10.2025 द्वारा खेल निदेशालय (खेल विभाग), बिहार, पटना में योगदान करने हेतु इन्हें पत्र निर्गत की तिथि–04.10.2025 के अपराहन् से विरमित किया गया। तद्पश्चात इनके द्वारा दिनांक–06.10.2025 के पूर्वाहन में अपना योगदान खेल निदेशालय में समर्पित किया गया तथा खेल निदेशालय (खेल विभाग), बिहार, पटना के कार्यालय आदेश संख्या–195 सहपठित ज्ञापांक–4311, दिनांक–14.10.2025 द्वारा दिनांक–06.10.2025 के पूर्वाहन् से इनका योगदान स्वीकृत किया गया है।

वित्त विभाग के संकल्प ज्ञापांक–8043, दिनांक–11.10.2017 की कंडिका–3(B)(1) में अंकित प्रावधानों द्वारा सहायक प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार सचिवालय सेवा (वेतन स्तर–7) के लिये ₹ 3,000 + DA शहरी परिवहन भत्ता (City Transport Allowance) अनुमान्य है।

वर्णित परिपेक्ष्य में श्री मुकुल कुमार, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी, खेल निदेशालय (खेल विभाग), बिहार, पटना को दिनांक–04.09.2025 के प्रभाव से सहायक प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार सचिवालय सेवा (वेतन स्तर–7) को उक्त अनुमान्य शहरी परिवहन भत्ता (City Transport Allowance) की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

13/11/2025
(महेन्द्र कुमार)
निदेशक

ज्ञापांक–01/स्था0–01–09/2025/ 19     पटना, दिनांक–14/11/2025

प्रतिलिपि :– महालेखाकार (ले0 एवं ह0), बिहार, वीरचंद पटेल पथ, पटना/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

13/11/2025
(महेन्द्र कुमार)
निदेशक

ज्ञापांक–01/स्था0–01–09/2025/ 19     पटना, दिनांक–14/11/2025

प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी/प्रभारी पदाधिकारी, लेखा शाखा/श्री मुकुल कुमार, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी/ आई0टी0 मैनेजर, खेल निदेशालय, खेल विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

13/11/2025
(महेन्द्र कुमार)
निदेशक

b. dir. 860